## न्यूज डायरी



### जी-7 में भारत, चीन को शामिल कर इसे व्यापक ग्रुप बनाने की जरूरतः रूस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह भारत और चीन के बिना किसी प्रभावी अंतरराष्ट्रीय संगठन की कल्पना भी नहीं कर सकते। रूस के सुदूर पूर्व में आर्थिक फोरम को संबोधित कर रहे पुतिन ने आगे कहा कि वह जी7/जी8 समूह के देशों की बैठक की मेजबानी को तैयार हैं और समूह के व्यापक स्वरूप का स्वागत करेंगे जिसमें भारत, तुर्की और चीन भी शामिल हों। पूर्वी आर्थिक मंच में पीएम नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। हालांकि, उन्होंने उस सवाल का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया जिसमें पूछा गया था कि क्या जी-7 के विस्तार की स्थिति में भारत औद्योगिक देशों के समूह का हिस्सा बनना पसंद करेगा। पीएम मोदी ने कहा, श्अगर यह सवाल जी7 से आता, तो यह ज्यादा उचित होता। मेरा आपको हां या ना कहना कोई मायने नहीं रखता।

### तालिबान से वार्ता करने वाले राजदूत को किया गया तलब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस की शीर्ष समिति ने अफगान संकट के समाधान के लिए नियुक्त विशेष अमेरिकी दूत जलमे खलीलजाद को तालिबान के साथ शांति वार्ता की जानकारी देने की खातिर तलब किया है। फिलहाल, तालिबान के साथ होने वाले समझौते के मसौदे को विभिन्न पक्षकारों को भेजा गया है। खलीलजाद को गुरुवार को लिखे पत्र में, कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष इलियॉट एंजेल ने विदेश मंत्रालय से तथ्यों को न छिपाने और इस महीने के आखिर में विशेष दूत को ब्यौरे पेश करने के उद्देश्य से भेजने को कहा है। बाद में मीडिया में जारी पत्र की प्रतियों के मुताबिक, एंजेल ने कहा, 'मैं यह सुनवाई करने जा रहा हूं ताकि कांग्रेस और अमेरिकियों को तालिबान के साथ आपकी बातचीत की रूपरेखा, संभावित खतरे और उन अवसरों के बारे में जानने का मौका मिले जो लंबे समय से लंबित हैं।' उन्होंने दावा किया कि खलीलजाद ने पूर्व में इस संबंध में किए गए उनके दो अनुरोधों पर कोई जवाब नहीं दिया।

### जिम्बाब्वे के पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का निधन, माने जाते थे तिकड़मबाज नेता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
हरारे। जिम्बाब्वे के पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। शुक्रवार को मुगाबे ने सिंगापुर के एक अस्पाल में आखिरी सांस ली। मुगाबे को आजादी के नायक के रूप में जाना जाता है लेकिन वह कई विवादों में भी घिरे रहे। 2017 में उन्होंने तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दिया था। मुगाबे को देश में बड़ा जनसमर्थन हासिल था और उनके इस्तीफे के बाद लाखों लोग सड़कों पर उतर आए थे। मुगाबे लंबे समय तक जिम्बाब्वे की पहचान बने हुए थे। उन्हें हीरो माना जाता था लेकिन दूसरा पक्ष यह भी है कि वह हमेशा विवादों में घिरे रहे। माना जाता था कि वह ध्रुवीकरण करने में माहिर थे। उनपर वोटों की हेराफेरी के भी आरोप लगे थे।

### डोरियन तूफान ने बहामास में मचाई तबाही, 30 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। चक्रवाती तूफान 'डोरियन' बहामा में तबाही मचाकर अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना तट के करीब पहुंच गया है। वहीं बहामास में तूफान के कारण मरने वालों की तादाद 30 पहुंच गई है जबकि हजारों लोग बेघर हुए हैं। अमेरिकी मीडिया ने फ्लोरिडा प्रशासन के हवाले से गुरुवार को बताया कि तूफान की विभीषिका से राज्य बच गया है। हालांकि, छह और लोगों की मौत तूफान से पहले की तैयारियों के दौरान हुई है। अमेरिकी मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तूफान की वजह से उत्तरी कैरोलिना तट पर सात फीट ऊंची लहरें उठ सकती हैं और 12 इंच तक बारिश होने का पूर्वानुमान है। उत्तरी कैरोलिना के गवर्नर रॉय कूपर ने गुरुवार को सीएनएन को बताया, 'हम जानते हैं कि यह रात लंबी होने वाली है पर हम सुबह का सूर्योदय देखने को आतुर हैं।'

# करतारपुर पर पाकिस्तान की नई चाल, देगा अलग वीजा

**रिपोर्ट**

## करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को दो कैटिगरी में बांटेगा पाक

- एक वीजा भारतीय सिखों के लिए और दूसरा दुनिया के दूसरे हिस्सों में रह रहे श्रद्धालुओं के लिए होगा
- भारत ने कहा कि विश्व के किसी भी गुरुद्वारे में जाने के लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने करतारपुर तीर्थस्थल आने वाले भारतीय सिखों के साथ भेदभाव के लिए नई चाल चली है। पाक सरकार ने करतारपुर में मौजूद सिखों के तीर्थस्थल दरबार साहिब गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं को दो कैटिगरी में बांटने का फैसला किया है। पहली कैटिगरी में केवल भारतीय श्रद्धालु शामिल होंगे जबकि दूसरी श्रेणी दुनिया के बाकी हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं की होगी।
डॉन अखबार में शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने ऑनलाइन वीजा सिस्टम में धार्मिक पर्यटन कैटिगरी जोड़ने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक,



करतारपुर तीर्थस्थल।

श्विदेश मंत्रालय ने दो अलग-अलग तरह की वीजा कैटिगरी तय की है, एक भारत से आने वाले सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी और दूसरी विश्व के बाकी हिस्से से आने वालों के लिए।
धार्मिक पर्यटन वीजा के लिए आवेदन सात से 10 कार्य दिवस में प्रोसेस किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को गुरुद्वारा दरबार साहिब में भारतीय श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए वीजा फ्री ट्रेवल पर सहमति बनाई थी, लेकिन यह अभी क्रॉस-बॉर्डर मार्ग को लेकर रुक गया है।
इससे पहले दोनों पक्षों ने हर दिन 5,000 भारतीय श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा जाने देने पर सहमति बनाई थी, जिसके लिए प्रस्तावित कॉरिडोर का इस्तेमाल होना था। हालांकि, विशेष मौके पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने का भी प्रावधान था। लेकिन बुधवार को दोनों पक्ष समझौते के ड्राफ्ट पर एकमत नहीं बना पाए क्योंकि पाकिस्तान ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय श्रद्धालुओं की एंट्री पर सर्विस फी ली जाएगी और साथ ही प्रोटोकॉल अधिकारियों को जाने देने की भी अनुमति नहीं देने पर अड़ा रहा।
पाकिस्तान का सुझाव है कि श्रद्धालुओं से 20 डॉलर चार्ज किया जाएगा, लेकिन भारत ने कहा कि यह चार्ज मुद्दा नहीं है, लेकिन किसी शुभ अवसर पर किसी भी गुरुद्वारा जाने के लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाता है। बता दें कि प्रस्तावित कॉरिडोर करतारपुर के दरबार साहिब को गुरदासपुर (पंजाब) के डेरा बाबा नानक से जोड़ेगा।

## ट्रंप से बात करने अमेरिका जाएंगे अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
काबुल। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी शनिवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं, जहां वह 9 सितंबर को अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने शुक्रवार को टोलो न्यूज को बताया कि गनी के साथ 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी अमेरिका जाएगा।
काबुल द्वारा अमेरिका-तालिबान समझौते पर निराशा व्यक्त करने के बाद गनी इस दौरे पर जा रहे हैं। ज्ञात हो कि अमेरिका अफगानिस्तान में 28 सितंबर को होने वाले होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले अंतर-अफगान वार्ता करने को लेकर दबाव बना रहा है। गनी के इस दौरे को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है।
बता दें कि अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने 15 हजार सैनिकों को वापस बुलाने का विचार रखा था। इससे पहले अमेरिका ने विशेष दूत नियुक्त किया और तालिबान से बात करने के लिए भेजा। हालांकि यह बात राष्ट्रपति गनी को बिल्कुल पसंद नहीं आई। अमेरिका के विशेष दूत जलमी खलीलजाद और तालिबान के बीच राजधानी दोहा में करीब एक साल तक बैठकों का दौर चला था। इस बातचीत का मकसद अफगानिस्तान में अमेरिका की 18 साल की जंग को खत्म करना है।



## मुर्गे ने जीता केस, कोर्ट ने कहा- मौरिस को है बांग देने का पूरा हक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। एक समय था जब मुर्गे की बांग सुनकर ही लोगों की सुबह हुआ करती थी लेकिन कई महीने से फ्रांस में मुर्गे के बोलने को लेकर बड़ी बहस चल रही थी। आखिरकार जीत मुर्गे की ही हुई और कोर्ट ने भी कह दिया कि मुर्गे को अपने सुर में गाने का पूरा अधिकार है। दरअसल मुर्गे के बोलने पर उसके मालिक क्रोनी के पड़ोसी को ऐतराज था और इसलिए मामला कोर्ट तक खिंच गया। केस कोर्ट में जाने के बाद यह राष्ट्रीय स्तर की बहस बन गई। मुर्गा फ्रांस का राष्ट्रीय प्रतीक भी है। शहरी लोगों का कहना था कि मुर्गे के सुबह-सुबह बोलने से उनकी नींद में खलल पड़ता है। वहीं ग्रामीणों को इसपर कोई ऐतराज नहीं था।

# चंद्रयान- 2 को लेकर उत्साहित हैं अमेरिकी वैज्ञानिक और नासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- नासा के अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी ऐतिहासिक लैंडिंग पर रखेंगे पल-पल की नजर

वॉशिंगटन। भारत के महत्वाकांक्षी चंद्रयान-2 मिशन की शनिवार को तड़के चांद की सतह पर होने वाली सॉफ्ट लैंडिंग को लेकर नासा सहित अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी खासे उत्साहित हैं और सांस रोक कर इस पल का इंतजार कर रहे हैं। चंद्रयान-2 का मॉड्यूल विक्रम चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग के लिए शनिवार तड़के अपना अभियान शुरू करेगा। विक्रम की सफलता के साथ ही भारत चंद्रमा पर अपने रोवर की सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ने ही यह मुकाम हासिल किया है, लेकिन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना लैंडर उतारने वाला भारत पहला देश होगा।
अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ऐतिहासिक मिशन से चंद्रमा की बनावट को समझने में और मदद मिलेगी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने भी विक्रम लैंडर के चंद्रमा पर उतरने की घटना का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की है। इस दौरान चंद्रयान-2 पर प्रस्तुति भी दी जाएगी। नासा के अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी ऐतिहासिक लैंडिंग पर पल-पल की नजर रखेंगे। विक्रम लैंडर के न्यूयॉर्क के स्थानीय समयानुसार शुक्रवार शाम चार बजे से पांच बजे के बीच चंद्रमा के सतह पर उतरने की उम्मीद है।
स्पेस डॉट कॉम ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जहां पर भी भारत का छह पहियों का रोवर 'प्रज्ञान' उतरेगा, वह चंद्रमा का सबसे अहम स्थान बन जाएगा। यह चंद्रमा का सबसे दक्षिणी छोर होगा जहां यान पहुंचेगा। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अप्लाइड फिजिक्स लैबोरेटरी में अंतरिक्ष वैज्ञानिक ब्रेट डेनेवी ने कहा कि चंद्रयान-2 जहां उतरेगा वह पूरी तरह ऐसा हिस्सा है जिसके बारे में जानकारी नहीं है।

## पाकिस्तानी पर भारतीय नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई की एक अदालत ने एक पाकिस्तानी को आवासीय इमारत के लिफ्ट के अंदर 12 वर्षीय भारतीय लड़की से छेड़छाड़ करने का आरोपी बनाया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। खलीज टाइम्स के मुताबिक, दुबई कोर्ट के अभियोजकों ने गुरुवार को प्रथम दृष्ट्या 35 वर्षीय पाकिस्तानी डिलीवरी कर्मी पर 16 जून को नाबालिग लड़की को अनुचित तरीके से छूने के लिए आरोपी बनाया। हालांकि, शख्स ने आरोप से इनकार किया है। 34 वर्षीय भारतीय महिला ने जांच के दौरान कहा कि लड़की गणित का ट्यूशन लेने के लिए उसके घर आई थी। उन्होंने कहा, वह कुछ पेपर लाना भूल गई थी और उसे उन्हें लाने वापस जाना पड़ा। हालांकि, जब वह वापस आई, तो उसका चेहरा पीला पड़ चुका था और वह रो रही थी और बुरी तरह से कांप रही थी। लड़की ने तब उन्हें बताया कि कैसे लिफ्ट के अंदर एक आदमी ने पता पूछते हुए उसे पकड़ लिया। महिला ने पड़ोसी से सुरक्षा गार्ड के कमरे में सर्विलांस कैमरों की जांच करने का अनुरोध किया जिसके बाद उसने लड़की की मां को घटना के बारे में बताया।